सूचना का अधिकार
लोक प्राधिकारी द्वारा तात्कालिक प्रकटन
(Proactive disclosure by public Authority)

सूचना के अधिकार अधिनियम

2005

के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी द्वारा तैयार किये गये
17 मेनुअल
(धारा 4 के अनुपालन में)
मैनुअल संख्या 5

भाग –2 (घ)
वर्ष 2009–10

उच्च शिक्षा निदेशालय,उत्तराखंड
हल्द्वानी(नैनीताल)

संख्या 55/XXiv(6)/201

प्रेषक,

राधिका झा,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1— **कुलपति**,
कुमांऊ विश्वविद्यालय, **नैनीताल**/उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, **हल्द्वानी**/ दून विश्वविद्यालय, **देहरादून** तथा हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय,(केन्द्रीय विश्वविद्यालय) **श्रीनगर गढ़वाल।**

2— **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, **हल्द्वानी जिला नैनीताल।**

शिक्षा अनुभाग—6 (उच्च शिक्षा) देहरादून दिनांक 2 मार्च, 2010

विषयः शासनादेश संख्याः 138/XXiv(6)/2009 दिनांक 11 नवम्बर—2009 में आंशिक संशोधन/कतिपय पदों के वेतनमानों को सम्मिलित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि उच्च शिक्षा विभाग के अधीन राज्य विश्वविद्यालयों यथा— कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, दून विश्वविद्यालय देहरादून तथा हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने से पूर्व अर्थात 14 जनवरी, 2009 तक) तथा राजकीय महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों के पूर्णकालिक यू0जी0सी0 वेतनधारी शैक्षिक तथा अन्य समकक्ष पदों को छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित नवीन वेतनमानों (विशेष भत्ते को छोड़कर) को दिनांक 1 जनवरी, 2006 से लागू किये जाने के आदेश शाससनादेश संख्याः138/XXiv(6)/2009 दिनांक 11 नवम्बर—2009 द्वारा निर्गत किये गये हैं।

2— उक्त शासनादेश दिनांक 11नवम्बर, 2009 के परिप्रेक्ष्य में कुलसचिव, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल ने अपने पत्र संख्या मान्यता/शै0व्य0/विविध 1061 दिनांक 17 नवम्बर, 2009 द्वारा प्रश्नगत शासनादेश दिनांक 11 नवम्बर, 2009 के संलग्नक 2 पर उल्लिखित तालिका को निम्नवत् संशोधित किये जाने के एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः—

क्र0 सं0	वर्तमान पद नाम	वर्तमान वेतनमान 1—1—2006 से पूर्व	दिनांक 1—1—2006 से संशोधित वेतन संरचना/ढ़ाचा			
			प्रस्तावित पदनाम	वेतन बैण्ड/वेतनमान का नाम	सादृश्य वेतन बैण्ड/वेतनमान का नाम	सादृश्य ग्रेड वेतन (रूपये)
1	2	3	4	5	6	7
1	प्रवक्ता, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष समकक्ष पद	8000—275—13500	असिस्टेंट प्रोफेसर, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	वेतन बैण्ड—3	15600—39100	6000

2	प्रवक्ता (वरिष्ठ वेतनमान)	10000–325–15200	तदैव	वेतन बैण्ड–3	15600–39100	7000
3	रीडर (उपाचार्य) उप पुस्तकालया ध्यक्ष	12000–420–18300	एसोसिएट प्रोफेसर, उप पुस्तकालया ध्यक्ष	वेतन बैण्ड–3	15600–39100	8000
4	रीडर (उपाचार्य) उप पुस्तकालया ध्यक्ष	12000–420–18300 (ए0जी0पी0 8000 में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर)	एसोसिएट प्रोफेसर, उप पुस्तकालया ध्यक्ष	वेतन बैण्ड–4	37400–67000	9000
5	प्रोफेसर (आचार्य) विश्वविद्यालय पुस्तकालया ध्यक्ष	16400–22400	प्रोफेसर	वेतन बैण्ड–4	37400–67000	10000

3– उपरउल्लिखित शासनादेश दिनांक 11, नवम्बर,–2009 की शेष सभी प्राविधान यथावत रहेंगे।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याः 3055/XXVii(7)/**2010** दिनांक 22 फरवरी 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीया
ह0/–
(राधिका झा)
अपर सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः–– **/xxiv(6)/2010** **दिनांकितः**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय बिल्डिंग, माजरा, देहरादून।
2– उपसचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को उनके पत्र संख्याः1–32/2006–यू–।।/यू–।(i) दिनांक 31, दिसम्बर, 2008 के संदर्भ में सूचनार्थ।
3– सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
4– अपर सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
5– निदेशक, स्थानीय निधि लेखा, उत्तराखण्ड लक्ष्मी रोड, देहरादून।
6– वित्त अनुभाग–3 एवं 7 उत्तराखण्ड शासन।
7– उच्च शिक्षा अनुभाग–7 उत्तराखण्ड शासन।
8– निजी सविच, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
9– निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून।
10– उपनिदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को 200 प्रतियां प्रकाशनार्थ।
11– संबंधित जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
12– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/–
(पी0एल0 शाह)
उप सचिव।

संख्याः 490 / XXiV(7)/51(3)2010

प्रेषक,

राधिका झा,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा
हल्द्वानी, नैनीताल।

शिक्षा अनुभाग–7 (उच्च शिक्षा) देहरादूनः दिनांक 10 मार्च, 2010

विषयः– राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित आधार पर संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2009–10 हेतु शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ की व्यवस्था किये जोने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश **संख्याः 443 / XXiV(7)/51(3)2010** दिनांक 03 मार्च, 2010 को अतिक्रमित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के 15 राजकीय महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों में एन0सी0टी0ई0 विनियिम, 2007 के मानकानुसार गत शैक्षणिक सत्र 2008–09 में सेवायोजित शैक्षणिक, तकनीकी एवं शिक्षणेत्तर संविदाधारकों को विशेष परिस्थितियों में अपवादस्वरूप तथा भविष्य में इसे दृष्टान्स्त के रूप में मान्य न किये जाने के दृष्टिगत पुनः मात्र शैक्षणिक सत्र 2009–10 हेतु संविदान्तर्गत आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती हैः–

1– कार्यरत शैक्षणिक, तकनीकी एवं शिक्षणेत्तर संविदाधारकों के द्वारा विगत अवधि में कृत क्रिया कलापों, शैक्षणिक एवं अन्य रचनात्मक कार्यों का मूल्यांकन संबंधित प्राचार्यो के द्वारा किया जाएगा। अनुपयुक्त संविदाधारकों को छोड़ते हुए उपयुक्त कार्मिक की ही निदेशक, उच्च शिक्षा की सम्मति से संविदा अवधि विस्तारित की जाए।

2– शैक्षणिक सत्र 2009–10 की समाप्ति के उपरान्त संविदाधारकों की सेवायें स्वतः समाप्त हो जायेंगी।

3– संविदा धारक कर्मी नियमित सेवा कर्मी नहीं है। इन संविदाधारकों की संविदा अवधि की सेवाओं को नियमित नहीं माना जायेगा तथा कालान्तर में उक्त संविदाधारकों द्वारा प्रश्नगत सेवाओं के आधार पर राजकीय सेवाओं / प्रबन्धकीय अनुदानित महाविद्यालयों आदि में समायोजन / सेवा स्थानान्तरण हेतु किया गया कोई भी दावा विधिमान्य नहीं होगा।

4– शैक्षणिक सत्र 2009–10 हेतु संविदा धारकों की कुल अवधि 11 माह से अधिक नहीं होगी।

5– शैक्षिक सत्र की अवधि में अनुशासनहीनता, कदाचार, उच्चादेशों की अवहेलना, विधि विरूद्ध कृत्य करने तथा पठ्न–पाठन में उदासीनता बरतने की स्थिति में ऐसे संविदाधारकों की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेगी तथा ऐसे कर्मी के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

6–प्रशासनिक स्टाफ के पदों पर कार्मिकों की व्यवस्था उपनल/पी0आर0डी0/हिल्ट्रान के माध्यम से सुनिश्चित की जायेगी। इन संविदाधारकों का मानदेय कार्मिक उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं के संबंधित शासनादेशों के अनुरूप होगा। अपरिहार्य कारणों से जिन महाविद्यालयों के द्वारा विगत सत्र 2008–09 में इन पदों पर उपनल/पी0आर0डी0 के अतिरिक्त अन्य स्रोत से व्यवस्था की गयी थी, वे सत्र 2009–10 हेतु इन पदों पर संविदाधारकों की व्यवस्था उपनल/पी0आर0डी0/हिल्ट्रान के माध्यम से किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।

7– ऐसे राजकीय महाविद्यालयों जिनमें विगत शिक्षण सत्र 2008–09 में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता विलम्ब से मिलने के कारण पाठ्यक्रम आरंभ नहीं किया जा सका तथा ऐसे महाविद्यालय जिनमें शिक्षण सत्र 2008–09 में पद रिक्त रहे उनमें शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर संविदाधारकों की व्यवस्था एन0सी0टी0ई0 के विनियम 2009 के नवीन मानकों के अनुसार की जायेगी। इस संबंध में पृथक से आदेश निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
ह0/–
(राधिका झा)
अपर सचिव,

पृष्ठांकन संख्याः **(1)XXiV(7)/51(3)2010** तद्दिनांक

प्रतिलिपि– उप निदेशक, उच्च शिक्षा, शिविर कार्यालय, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
ह0/–
(पी0एल0 शाह)
उपसचिव

क्रम संख्या–02

पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2009–11
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 06 जनवरी, 2010 ई0

पौष 16, 1931 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 10 / xxxvi(3) / 2010 / 15(1) / 2009

देहरादून,06 जनवरी, 2010

अधिसूचना
विविध

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'देव संस्कृति विश्वविद्यालय,2002 (संशोधन) विधेयक, 2009 पर दिनांक 05 जनवरी, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 02, वर्ष 2010 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 (संशोधन) अधिनियम, 2009

(अधिनियम संख्या 02, वर्ष 2010)

देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 में अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित होः–

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम देव संस्कृति विश्वविद्यालय (संसोधन) अधिनियम, 2009 है।

(2) यह तुरन्त प्रबृत्त होगा।

उत्तरांचल के स्थान पर उत्तराखण्ड पढ़ा जाना

2– देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 4, वर्ष 2002) में जहॉ–जहॉ शब्द ''उत्तरांचल आया है वहॉ ''उत्तराखण्ड'' पढ़ा जायेगा।

धारा 2 की उपधारा(1) के खण्ड (घ) एवं (थ) का प्रतिस्थापन

3– मूल अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (ध) एवं (थ) के स्थान पर निम्न खण्ड रख दिये जायेंगेः अर्थात्–

''(घ) दूरस्थ शिक्षा पद्धति का तात्पर्य राज्य के भीतर शिक्षा की उस पद्धति से है जिसमें शिक्षण के लिए ऐसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के माध्यमों,, जैसे मल्टीमीडिया, प्रसारण, दूर–दृश्य प्रसारण (टेलीकास्टिंग), इन्टरनेट पर आनलाइन, दूरसंचार की अन्य पारस्परिक विधिया।, ई–मेल, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, ई–लर्निग पत्राचार पाठ्यक्रम या ऐसे किसी दो या अधिक माध्यमों का संयुक्त रूप से उपयोग किया गया हो,''

''(थ) विश्वविद्यालय का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन स्थापित देव संस्कृति विश्वयविद्यालय से जिनकी समस्त गतिविधियां उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होंगी और जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों एवं शिक्षा निर्देशों का पालन करेगा,''

धारा 4 की उपधारा(5) का प्रतिस्थापन

4– मूल अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात–

''(5) देव संस्कृति विश्वविद्यालय का मुख्यालय शान्तिकुंज, हरिद्वार उत्तराखण्ड में स्थित होगा और वह अपनी अधिकारिता के अन्दर राज्य में ऐसी अन्य जगहों पर भी अपने परिसर स्थापित कर सकता है।

आज्ञा से,
राम दत्त पालीवाल,
सचिव,

क्रम संख्या–05 पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2009–11
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 06 जनवरी, 2010 ई0

पौष 16, 1931 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 13 / xxxvi(3) / 2010 / 18(1) / 2009

देहरादून,06 जनवरी, 2010

अधिसूचना
विविध

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'इक्फाई विश्वविद्यालय अधिनियम ,2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 पर दिनांक 05 जनवरी, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 05, वर्ष 2010 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

इक्फाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) अधिनियम, 2009

(अधिनियम संख्या 05, वर्ष 2010)

इक्फाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 में अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित होः–

1–(1) इस अधिनियमय का संक्षिप्त नाम इक्फाई विश्वविद्यालय (संसोधन) अधिनियम 2009 है। संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

उत्तरांचल के स्थान पर उत्तराखण्ड पढ़ा जाना

2– इक्फाई विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 16,वर्ष 2003) में जहॉ–जहॉ शब्द ''उत्तरांचल'' आया है वहॉ ''उत्तराखण्ड'' पढ़ा जायेगा।

धारा 2 की उपधारा(1) के खण्ड (घ),(ट), (ढ़) एवं (न)का प्रतिस्थापन

3– मूल अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (ध),(ट),(ढ़) एवं (थ) के स्थान पर निम्न उपधारा रख दी जायेंगीः अर्थात्–

''(घ) दूरस्थ शिक्षा पद्धति का तात्पर्य राज्य के भीतर शिक्षा की उस पद्धति से है जिसमें शिक्षण के लिए ऐसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के माध्यमों,, जैसे मल्टीमीडिया, प्रसारण, दूर–दृश्य प्रसारण (टेलीकास्टिंग), इन्टरनेट पर आनलाइन, दूरसंचार की अन्य पारस्परिक विधिया, ई–मेल, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, ई–लर्निग पत्राचार पाठ्यक्रम, या ऐसे किसी दो या अधिक माध्यमों का संयुक्त रूप से उपयोग किया गया हो,''

''(ट) ''क्षे.त्रीय केन्द्र'' का तात्पर्य राज्य के ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना या अनुरक्षण विश्वयविद्यालय द्वारा राज्य में स्थित अध्ययन केन्द्रों के समन्वय, पर्यवेक्षण तथा प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रदत्त कार्यो के निष्पादन के उद्देश्य से की गयी हो,''

''(ढ़) 'अध्ययन केन्द्र का तात्पर्य राज्य के भीतर स्थित ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना या अनुरक्षण विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को सलाह, परामर्श या अन्य सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई हो,

''(ऩ) 'विश्वविद्यालय' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन प्रस्तावित इक्फाई विश्वविद्यालय, देहरादून से है जिसकी समस्त गतिविधियां उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होंगी और जो विश्वयविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों एवं दिशा निर्देशों का पालन करेगा,''

धारा 7 के खण्ड (ख), (ग),(ज) एवं (झ) का प्रतिस्थापन

4– मूल अधिनियम की धारा 7 के खण्ड (ख,),(ग),(ज) एवं (झ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात्–

''(ख) उत्तराखण्ड राज्य में विश्वविद्यालय परिसर और राज्य के भीतर विभिन्न स्थानों में अध्ययन केन्द्रों की स्थापना,''

''(ग) राज्य के भीतर अनवरत एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करना,''

''(ज) राज्य के भीतर विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थानों के संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण एवं विकास के लिए कार्यक्रम आरम्भ कराना,''

''(झ) राज्य के भीतर किसी संगठन के साथ सहयोगी अनुसंधान कार्यक्रम आरंभ करना तथा प्रोद्योगिकियों का व्यापारीकरण।''

आज्ञा से,
राम दत्त पालीवाल,
सचिव,

क्रम संख्या–04 पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2009–11
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 06 जनवरी, 2010 ई0

पौष 16, 1931 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 12 / xxxvi(3) / 2010 / 17(1) / 2009

देहरादून,06 जनवरी, 2010

अधिसूचना
विविध

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'पंतजलि विश्वविद्यालय अधिनियम ,2006 (संशोधन) विधेयक, 2009 पर दिनांक 05 जनवरी, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 04, वर्ष 2010 के रूप में सर्व–साधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

पंतजलि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (संशोधन) अधिनियम, 2009

पंतजलि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 में अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित होः–

1–(1) इस अधिनियमय का संक्षिप्त नाम पंतजलि विश्वविद्यालय अधिनियम,2006 संशोधित अधिनियम, 2009 है। संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

उत्तरांचल के स्थान पर उत्तराखण्ड पढ़ा जाना

2– पंतजलि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (अधिनियम संख्या 04,वर्ष 2006) में जहॉ–जहॉ शब्द ''उत्तरांचल'' आया है वहॉ ''उत्तराखण्ड'' पढ़ा जायेगा।

धारा 2 की उपधारा(1) के खण्ड (च),(ण), (द़) एवं (प)का प्रतिस्थापन

3– मूल अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (च),(ण),(द़) एवं (प) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात्–

''(च) दूरस्थ शिक्षा पद्धति का तात्पर्य उस उस पद्धति से है जिसमें राज्य के भीतर शिक्षण के लिए ऐसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के माध्यमों,, जैसे मल्टीमीडिया, प्रसारण, दूर–दृश्य प्रसारण (टेलीकास्टिंग), इन्टरनेट पर ऑनलाइन, दूरसंचार की अन्य पारस्परिक विधिया, ई–मेल, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, ई–लर्निग पत्राचार पाठ्यक्रम, या ऐसे किसी दो या अधिक माध्यमों का संयुक्त रूप से उपयोग किया गया हो,''

''(ण) ''क्षे.त्रीय केन्द्र'' का तात्पर्य राज्य में स्थित ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना या अनुरक्षण विश्वयविद्यालय द्वारा राज्य के भीतर स्थित अध्ययन केन्द्रों के समन्वय, पर्यवेक्षण तथा प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रदत्त कार्यो के निष्पादन के उद्देश्य से गयी हो,''

''(द) 'अध्ययन केन्द्र' का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य के भीतर ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना एवं अनुरक्षण विद्यार्थियों को सलाह, परामर्श या अन्य सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया हो,''

''(प़) 'विश्वविद्यालय' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन प्रस्तावित पंतजलि विश्वविद्यालय से है जिसकी समस्त गतिविधियां उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होंगी और जो विश्वयविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों और दिशा निर्देशों का पालन करेगा,''

धारा 4 की उपधारा (3) का प्रतिस्थापन

4– मूल अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3,) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात,''

''(3)पंतजलि विश्वविद्यालय का मुख्यालय उत्तराखण्ड, हरिद्वार में स्थित होगा तथा जैसे समय–समय पर वह अपनी अधिकारिता के अन्दर राज्य में अन्य स्थानों पर भी परिसर अथवा क्षेत्रीय केन्द्रों, अध्ययन केन्द्रों एवं योग प्रशिक्षण केन्द्रों, अनुसंधान संस्थान आदि की स्थापना कर सकेगा, परन्तु इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना होगा,''

धारा 6 का प्रतिस्थापन

5– मूल अधिनियम की धारा 6 को निम्नवत् प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा, अर्थात्:–

''(6) राज्य में विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, अध्ययन केन्द्र, योग प्रशिक्षण व अनुसंधान केन्द्र हो सकते हैं। पंतजलि विश्वविद्यालय राज्य के किसी अन्य अनुसंधान संस्थान व विश्वविद्यालय के साथ सामुहिक अनुसंधान कार्य कर सकता है किन्तु उसे किसी अन्य महाविद्यालय या संस्था को प्रदान करने की शक्ति नहीं होगी। राज्य में परिसर के बाहर केन्द्र या अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (निजी विश्वविद्यालय मानकों की स्थापना और उसके अनुरक्षण संबंधी) विनियम का भी पालन किया जाना होगा,''

सम्बद्धता

आज्ञा से,
राम दत्त पालीवाल,
सचिव,

क्रम संख्या–06 पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2009–11
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 06 जनवरी, 2010 ई0

पौष 16, 1931 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 14 / xxxvi(3) / 2010 / 19(1) / 2009

देहरादून,06 जनवरी, 2010

अधिसूचना
विविध

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'पेंट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम ,2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 पर दिनांक 05 जनवरी, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 06, वर्ष 2010 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) अधिनियम, 2009 (अधिनियम संख्या 06, वर्ष 2010)

पेंट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 में अग्रतर संशोधन करने के लिए–

अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित होः–

1–(1) इस अधिनियमय का संक्षिप्त नाम पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय , (संशोधन) अधिनियम, 2009 है। संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

उत्तरांचल के स्थान पर उत्तराखण्ड पढ़ा जाना

2– पेंट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम संख्या 15 वर्ष, 200.3) में जहॉ–जहॉ शब्द ''उत्तरांचल'' आया है वहॉ ''उत्तराखण्ड'' पढ़ा जायेगा।

धारा 2 की उपधारा(1) के खण्ड (च),(झ), (म) (ल)तथा (त्र) का प्रतिस्थापन

3– मूल अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (च),(झ),(म), (ल)तथा (त्र) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात्–

''(च) 'संगठक महाविद्यालय' का तात्पर्य विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के भीतर अनुरक्षित किसी महाविद्यालय या संस्था से है,''

''(झ)''दूरस्थ शिक्षाा पद्धति'' का तात्पर्य राज्य के भीतर शिक्षा की उस पद्धति से है जिसमें शिक्षण के लिए ऐसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के माध्यमों,, जैसे मल्टीमीडिया, प्रसारण, दूर–दृश्य प्रसारण (टेलीकास्टिंग), इन्टरनेट पर ऑनलाइन, दूरसंचार की अन्य पारस्परिक विधिया, ई–मेल, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, ई–लर्निग पत्राचार पाठ्यक्रम, या ऐसे किसी दो या अधिक माध्यमों का संयुक्त रूप से उपयोग किया गया हो,''

''(म)'' 'क्षेत्रीय केन्द्र' का तात्पर्य राज्य के भीतर के ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना एवं अनुरक्षण विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्रों के समन्वय,पर्यवेक्षण तथा प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रदत्त कार्यो के निष्पादन के उद्देश्य से कीगयी हो,''

''(ल) 'अध्ययन केन्द्र' का तात्पर्य राज्य के भीतर विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना एवं अनुरक्षण विद्यार्थियों को सलाह, परामर्श या अन्य सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी हो,''

''(त्र) 'विश्वविद्यालय' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन प्रस्तावित पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय से है जिसकी समस्त गतिविधियां उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होंगी और जो विश्वयविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों और दिशा निर्देशों का पालन करेगा,''

धारा 4 की उपधारा (3) का प्रतिस्थापन

4– मूल अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3,) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात,–

''(3) विश्वविद्यालय का मुख्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून में स्थित होगा तथा जैसा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जाये वह राज्य के भीतर तथा अन्य स्थानों पर भी परिसर अथवा क्षेत्रीय केन्द्रों, अध्ययन केन्द्रों एवं कैरियर एकेडमी सेन्टर्स की स्थापना कर सकेगा,।''

आज्ञा से,
राम दत्त पालीवाल,
सचिव,

क्रम संख्या–03 पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2009–11
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 06 जनवरी, 2010 ई0

पौष 16, 1931 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 11 / xxxvi(3) / 2010 / 16(1) / 2009

देहरादून,06 जनवरी, 2010

अधिसूचना
विविध

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) अधिनियम ,2003 (संशोधन) विधेयक, 2009' पर दिनांक 05 जनवरी, 2010 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 03, वर्ष 2010 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) अधिनियम, 2003 (संशोधन) अधिनियम, 2009
(अधिनियम संख्या 03, वर्ष 2010)

हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) अधिनियम, 2003 में अग्रतर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के साठवें वर्ष में विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में अधिनियमित हो:–

1–(1) इस अधिनियमय का संक्षिप्त नाम हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) अधिनियम, 2003 (संशोधन) अधिनियम, 2009 है। संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

उत्तरांचल के स्थान पर उत्तराखण्ड पढ़ा जाना

2– हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 17, वर्ष 2003 में जहॉ–जहॉ शब्द ''उत्तरांचल'' आया है, वहॉ ''उत्तराखण्ड'' पढ़ा जायेगा।

धारा 2 की उपधारा(1) के खण्ड (घ,(ट), (ढ़) तथा (ध)का प्रतिस्थापन

3– मूल अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (घ),(ट),(ढ़) तथा (ध) के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात्–

''(घ) 'दूरस्थ शिक्षा पद्धति' का तात्पर्य राज्य के भीतर शिक्षा की उस पद्धति से है जिसमें शिक्षण के लिए ऐसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के माध्यमों,, जैसे मल्टीमीडिया, प्रसारण, दूर–दृष्य प्रसारण (टेलीकास्टिंग), इन्टरनेट पर ऑनलाइन, दूरसंचार की अन्य पारस्परिक विधिया, ई–मेल, इन्टरनेट, कम्प्यूटर, ई–लर्निंग पत्राचार पाठ्यक्रम, या ऐसे किसी दो या अधिक माध्यमों का संयुक्त रूप से उपयोग किया गया हो,''

''(ट) ''क्षे.त्रीय केन्द्र'' का तात्पर्य राज्य के भीतर ऐसे केन्द्र से है जिसकी स्थापना एवं अनुरक्षण विश्वयविद्यालय द्वारा राज्य के भीतर स्थित अध्ययन केन्द्रों के समन्वय, पर्यवेक्षण तथा प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रदत्त कार्यो के निष्पादन के उद्देश्य से गयी हो,''

''(ढ़) 'अध्ययन केन्द्र' का तात्पर्य राज्य के भीतर विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसे केन्द्र से है, जिसकी स्थापना एवं अनुरक्षण विद्यार्थियों को सलाह, परामर्श या अन्य सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी हो,''

''(ध़) 'विश्वविद्यालय' का तात्पर्य इस अधिनियम के अधीन प्रस्तावित हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) से है जिसकी समस्त गतिविधियां उत्तराखण्ड राज्य के भीतर होंगी और जो विश्वयविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों और दिशा निर्देशों का पालन करेगा,''

धारा 4 की उपधारा (3) का प्रतिस्थापन

4– मूल अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3,) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात,''

''(3) विश्वविद्यालय का मुख्यालय उत्तराखण्ड, देहरादून में स्थित होगा तथा जैसे समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जाय, वह राज्य में अन्य स्थानों पर भी परिसर अथवा क्षेत्रीय केन्द्रों, अध्ययन केन्द्रों एवं जैड कैरियर एकेडमी सेन्टर्स की स्थापना कर सकेगा।

परन्तु यह कि विश्वविद्यालय स्थापना के तीन वर्ष के अन्दर राज्य के तेरह जिलों में एक–एक अध्ययन केन्द्र स्थापित कर लेगा,''

धारा 4 की उपधारा (4) का निरसन

5– मूल अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (4) को एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

आज्ञा से,
राम दत्त पालीवाल,
सचिव,

सेवामें,

शत्रुध्न सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखंड शासन।

सेवामें,

1— कुलपति,
कुमायूँ विशविद्यालय,नैनीताल/उत्तराखंड मुक्त विद्यालय,हल्द्वानी/
दून विशविद्यालय,देहरादून तथा हे0न0 ब0 गढवाल विष्वविद्यालय(केन्द्रीय
विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढवाल।

2— निदेशक,
उच्च शिक्षा ,हल्द्वानी,जिला—नैनीताल।

शिक्षा अनुभाग—6(उच्च शिक्षा देहरादून दिनांक 11 नवम्बर,2009

विषय— राज्य विश्वविद्यालय(कुमायूँ विश्वविद्यालय,नैनीताल/उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी/दून विश्वविद्यालय,देहरादून) राजकीय महाविद्यालयों एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं समकक्ष संवर्ग को छठे वेतन आयोग की संस्तुति के आधार पर भारत सरकार के दिशा—निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में यू0जी0सी0 के अनुरूप पदनाम परिवर्तन एवं वेतनमानों को पुनरीक्षित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973(उत्तराखंड में भी यथाप्रवृत्त)द्वारा नियंत्रित उच्च शिक्षा विभाग के अधीन राज्य विश्वविद्यालयों तथा उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों के पूर्णकालिक यू0जी0सी0 वेतनधारी शैक्षिक एवं अन्य समकक्ष पदों को भी छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर संलग्न 02 पर उल्लिखित तालिका के स्तम्भ—3 के पूर्व वेतनमानों में स्तम्भ—4 के अनुसार पदनाम देते हुए स्तम्भ—6 के अनुसार वेतन बैंड तथा स्तम्भ—7 के अनुसार ग्रेड पे के अनुसार पुनरीक्षित वेतनमानों(विशेष भत्ते को छोडकर) को दिनांक 01 जनवरी,2006 से लागू करने के आदेश देते हैं। पुनरीक्षित वेतनमान प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन राज्य विश्वविद्यालयों कुमायूँ विश्वविद्यालय,नैनीताल/उत्तराखंड मुक्त विष्वविद्यालय,हल्द्वानी/दून विश्वविद्यालय,देहरादून तथा हे0न0 ब0गढवाल विश्वविद्यालय,श्रीनगर(केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने से पूर्व अर्थात 14 जनवरी,2009 तक) राजकीय महाविद्यालयों एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों पर लागू होंगे।

2— मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार के पत्र संख्या 1—32/2006—यू0—।।/यू—।(।) दिनांक 31 दिसम्बर,2008 की धारा—8 की उपधारा (a) से (f) में प्रस्तर (f) की अधिवर्षिता आयु के प्राविधान एवं अन्य मदों से राज्य सरकार के नियम लागू होंगे तथा अन्य उल्लिखित सभी Terms&Condition को अधीनस्थ राज्य विष्वविद्यालयों एवं निदेशक,उच्च शिक्षा हल्द्वानी द्वारा स्वीकार किया है। भारत सरकार की गाइड लाइन्स से आच्छादित होने वाले शैक्षिक एवं अन्य समकक्ष पदों के पुनरीक्षित वेतनमान दिनांक 1—1—2006 को कार्यरत/भरे पदों के आधार पर 1—1—2006 से 31—3—2010 तक के अतिरिक्त व्ययभार का 80 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा समायोजित किया जायेगा शेष 20 प्रतिषत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

3— दिनांक 1—1—2006 के उपरान्त भरे गये पदों तथा दिनांक 1—4—2010 के उपरान्त सम्पूर्ण सभी पदों का व्ययभार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

4— वेतनमानों के पुनरीक्षण के फलस्वरूप दिनांक 01 जनवरी,2006 से 30 सितम्बर,2009 तक की अवधि के लिये देय अवशेष की धनराषि अध्यापकों के भविष्य निर्वाह निधि/अंषदायी भविष्य निधि में जमा की जायेगी। जिन अध्यापकों के भविष्य निर्वाह निधि/अंषदायी भविष्य निधि खाते न खुले हों और जो अंशदान पेंशन योजना के सदस्य हों उनका देय बकाया धनराशि से आवश्यक अंशदान तथा आयकर काटकर शेष धनराषि को रा0बचत पत्र के रूप में दी जायेगी।आयकर की परिधि में आने वाले शिक्षकों के संबंध में वर्णित अवशेषों का आंकलन कर नियमानुसार आयकर के स्त्रोत पर कटौती करने के उपरांत यदि(1)आयकर 20 प्रतिषत या उससे अधिक देय है तो समस्त आयकर कटौती के उपरांत अवशेषों को शिक्षकों के भविष्य निधि खाते

में जमा की जायेगी,अन्यथा (2) अवषेष पर देय आयकर के 20 प्रतिषत से कम होने की दषा में वास्तविक आयकर की कटौती के उपरांत समस्त अवषेष धनराशि शिक्षक के भविष्य निधि खाते में जमा की जायेगी।

5— पुनरीक्षित वेतनमान निम्न प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत किये जायेगें—

(क) पुनरीक्षित वेतनमानों के कारण भारत सरकार की उक्त योजना के आधार पर दिनांक 1—1—2006 को कार्यरत/भरे पदों के अनुसार दिनांक 1—1—2006 से 31—3—2010 कुल व्यय भार का 80 प्रतिशत भारत सरकार तथा 20 प्रतिशत व्यय भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त दिनांक 1—1—2006 के उपरांत भरे गये पदों का तथा दिनांक 1—4—2010 के पश्चात सम्पूर्ण व्ययभार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

(ख) राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन राज्य विश्वविद्यालयों,राजकीय महाविद्यालयों एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के शैक्षिक वर्ग एवं समकक्ष वर्ग को मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार के उक्त पत्र दिनांक 31 दिसम्बर,2008 के प्रस्तर—2 से 6 में उल्लिखित पदनाम एवं वेतनमान (विशेष भत्ते को छोडकर)बशर्ते पुनरीक्षित वेतनमानों के समकक्ष पुराने वेतनमान स्वीकृत हों, तथा उक्त दिषा निर्देश में अन्य सेवाशर्तो के प्रस्तर 8 एफ में अधिवर्षिता की आयु के प्राविधान एवं अन्य भत्तों में राज्य सरकार के नियम लागू होंगे,को जोडते हुए तथा शेष प्राविधान को स्वीकार करते हुए वेतनमान यू0जी0सी0 की उक्त के अलावा अन्य सभी नियम,शर्तें तथा समस्त दिशा—निर्देश मान्य होंगें।

(ग) मानव संसाधन विकास मंत्रालय,भारत सरकार के पत्र संख्या 1—32/2006—यू0—।।/यू—।(।) दिनांक 31 दिसम्बर,2008 के प्रस्तर —8(p),(v),(g) में उल्लिखित शर्ते भी मान्य होंगी।

(घ) उक्त पुनरीक्षित वेतनमान के साथ विवविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष वेतन भत्ता देय नहीं होगा।

6— पुनरीक्षित वेतनमानों पर दिनांक 1—1—2006 के पश्चात राज्य सरकार द्वारा समकक्ष पदों/वेतनमानों के लिये समय—2 पर प्रसारित शासनादेशों के अनुसार अनुमन्य मंहगाई भत्ता देय होगा।

7— नवीन वेतनमानों को कार्यान्वित करने के लिये उक्त प्रस्तर—2 के अनुसार अपेक्षित अतिरिक्त धनराशि की गणना का विवरण विश्वविद्यालयों के अध्यापकों के मामले में संबंधित वित्त अधिकारी द्वारा और महाविद्यालयों के अध्यापकों एवं समकक्ष पदों के मामले में निदेशक,उच्च शिक्षा ,हल्द्वानी द्वारा तैयार किया जायेगा और उसकी सूचना षासन /यू0जी0सी0 को यथाशीघ्र भेजी जायेगी ताकि उसके अनुसार वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा सकें।

